अकादमी से पास–आउट करने जा रहे प्रशिक्षणार्थियों के सम्मान में 'बड़ा खाना' का आयोजन

राजस्थान पुलिस अकादमी में नौ माह का निरन्तर प्रशिक्षण पूर्ण कर पास–आउट होने जा रहें आर.पी.एस., उप निरीक्षक एवं बैण्ड कान्स्टेबल प्रशिक्षुओं के सम्मान में दिनांक 26.11.2016 को सांयकाल 06:30 बजे **'बड़ा खाना'** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अकादमी के स्टेडियम में लगभग 1000 पुलिस प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षकों तथा कर्मचारियों के लिए भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अकादमी परिसर एवं स्टेडियम में विशेष रूप से सजावट की गई। इस अवसर पर अकादमी के प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षकों में प्रगाढ़ संबंधों की झलक दिखलाई दे रही थी। प्रशिक्षु जहाँ अतिथि के रूप में विराजमान थे, वहीं प्रशिक्षक मेजबान की भूमिका में उन्हें भोजन परोस रहे थे। प्रशिक्षण में जिन प्रशिक्षकों ने अपने दृढ़ निश्चयी स्वभाव का परिचय देते हुए प्रशिक्षुओं को भगाया–दौड़ाया, उन्हीं प्रशिक्षकों की मनुहार से प्रशिक्षु भाव विभोर हो गये।

इस अवसर पर राजस्थान पुलिस सैन्ट्रल बैण्ड एवं दक्षिण एशियाई सूफी संगीत समारोह में प्रस्तुति देने वाली प्रशिक्षु बैण्ड कान्स्टेबल की लंगा–मांगनियार पार्टी और प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षकों ने भाव भीनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मनोरंजन किया। समारोह में राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक, समस्त सहायक निदेशक एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी एवं उप निरीक्षक पुलिस पीसीसी, सहायक उप निरीक्षक पुलिस पीसीसी तथा प्रशिक्षु महिला कान्स्टेबल शामिल हुये।

समारोह के अन्त में अकादमी निदेशक श्री राजीव दासोत ने पास आउट होने वाले प्रशिक्षुओं को सफलता पूर्वक प्रशिक्षण समाप्त करने पर बधाई देते हुये अपने भावी जीवन में पूर्ण मनोयोग से जनता की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान पुलिस अकादमी के कलाकारों व प्रशिक्षणार्थियों को शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर बधाई दी। राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्तरी जोन में श्रेष्ठ पुलिस अकादमी का पुरस्कार माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित करने का उल्लेख करते हुए उन्होनें सभी प्रशिक्षकों व स्टाफ को इस महान उपलब्धि पर बधाई दी। मंच संचालन श्रीमती पूनम, उप निरीक्षक पुलिस एवं सुश्री प्रियंका प्रशिक्षु आरपीएस द्वारा किया गया।